**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF CULTURE**

**LOK SABHA**

**UNSTARRED QUESTION NO. 3463**
**TO BE ANSWERED ON 21.12.2015**

# NATIONAL MISSION ON LIBRARIES

**3463. DR. A. SAMPATH:**

Will the **Minister of CULTURE** be pleased to state:

(a) whether the Government has formulated any scheme of National Mission on Libraries and upgradation of libraries during the 12th Plan Period;

(b) if so, the salient features of the National Mission on Libraries (NML) up-gradation of libraries including the details of libraries covered under the Mission, State/UT-wise along with the present status of its implementation;

(c) the number of libraries already established under the administrative control of the Government along with the details of funds allocated for the upgradation of libraries;

(d) whether the Government plans to set up libraries at district level in every State/UT; and

(e) if so, the details thereof and the action taken by the Government in this regard?

**MINISTER OF STATE (IC) FOR CULTURE & TOURISM AND**
**MINISTER OF STATE FOR CIVIL AVIATION**
**(DR. MAHESH SHARMA)**

## ANSWER

(a) Yes, Madam. The Scheme "National Mission on Libraries – Upgradation of Libraries – providing services to the public" has been approved with a total outlay of Rs.400 Crores for the 12$^{th}$ Plan period.

(b) The components of the National Mission on Libraries (NML) are (i) Creation of National Virtual Library of India (NVLI) (ii) Setting up of NML model libraries (iii) Quantitative and Qualitative Survey of Libraries and (iv) Capacity Building. Under the Scheme, the Mission will upgrade infrastructure of selected libraries and upgrade technology in 35 State Central Libraries and 35 District Libraries (to be identified by State Governments) and 6 Libraries under the Ministry of Culture. So far, 11 State Central Libraries and 11 District Libraries have been identified. Six Libraries under the Ministry of Culture are : (i) Delhi Public Library, Delhi (ii) Khuda Bakhsh Oriental Public Library, Patna (iii) National Library, Kolkata (iv) Central Secretariat Library(v) Rampur Raza Library, Uttar Pradesh (vi) Thanjavur Maharaja Serfoji's Saraswati Mahal Library, Tamil Nadu. The proposals of 12 states have been approved and fund released to three states. The details of State Central Libraries and District Libraries in 12 States approved for upgradation of infrastructure and technology under NML are at Annexure.

(c) There is no scope of establishment of new libraries under the scheme of National Mission on Libraries. Approved Project estimate for upgradation of the above libraries is at Annexure.

(d) No, Madam.

(e) Does not arise.

***

Annexure

Annexure to reply of parts (b) & (c) of Lok Sabha Unstarred Question no. 3463 for reply on 21.12.2015

| Sr. No. | State/UT | Name of the Libraries | Approved Project Estimate (in Rs. Lakhs) |
|---|---|---|---|
| 1 | Uttar Pradesh | State Central Library, Allahabad | 206.00 |
| | | Government District Library, Etawah | 87.00 |
| 2 | Orissa | HKM State Library, Bhubaneshwar | 223.00 |
| | | District Library, Ganjam | 40.36 |
| 3 | Goa | Krishnadas shama State Central Library | 223.00 |
| | | Dr. Francisco Luis Gomes District Library | 87.00 |
| 4 | Karnataka | State Central Library, Bangalore | 223.00 |
| | | District Central Library, Shivamogga | 87.00 |
| 5 | West Bengal | State Central Library, Kolkata | 222.81 |
| | | North Bengal State Library, Coochbehar | 86.98 |
| 6 | Telangana | State Central Library, Afzalganj, Hyderabad | 112.25 |
| | | District Library, Mehboob Nagar | 52.00 |
| 7 | Chattisgarh | District Library, Raigarh | 87.00 |
| | | District Library, Danteywada | 87.00 |
| 8 | Tripura | Birchandra State Central Library, Agartala | 223.00 |
| | | Unakoti District Library, Kailashahar | 87.00 |
| 9 | Arunachal Pradesh | State Central Library, Itanagar | 223.00 |
| | | District Library, Pasighat | 87.00 |
| 10 | Mizoram | State Central Library, Aizawal | 100.00 |
| | | District Library, Kolasib | 50.00 |
| 11 | Rajasthan | State Central Library, Jaipur | 100.83 |
| 12 | Gujarat | State Central Library, Gandhinagar | 106.01 |

Libraries under the Ministry of Culture

| Sr. No. | Name of Libraries | Approved Project Estimate (in Rs. Lakhs) |
|---|---|---|
| 1 | Delhi Public Library, Delhi | 234.38 |
| 2 | Khuda Bakhsh Oriental Public Library, Patna | 398.78 |
| 3 | Thanjavur Maharaja Serfoji's Saraswati Mahal Library, Thanjavur | 691.22 |
| 4 | National Library, Kolkata | 426.84 |
| 5 | Central Secretariat Library, Delhi | 452.38 |

**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3463**
**उत्तर देने की तारीख : 21 दिसम्बर, 2015**

**राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन**

**3463. डॉ. ए. सम्पत :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन तथा पुस्तकालयों के उन्नयन की कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन और पुस्तकालयों के उन्नयन की मुख्य विशेषताएं क्या हैं तथा इस मिशन में शामिल पुस्तकालयों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है एवं इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत पहले से ही कितने पुस्तकालय स्थापित हैं और पुस्तकालयों के उन्नयन के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की प्रत्येक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में जिला स्तर पर पुस्तकालय स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
**(डॉ. महेश शर्मा)**
**संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नागर विमानन राज्य मंत्री**

(क) : जी, हां। बारहवीं योजना अवधि के दौरान 400 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ "राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन-लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पुस्तकालयों का स्तरोन्नयन'' नामक स्कीम को अनुमोदन प्रदान किया गया था।

(ख) : राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के घटक इस प्रकार हैं : (i) भारतीय राष्ट्रीय आभासी पुस्तकालय (एनवीएलआई) का सृजन (ii) एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना (iii) पुस्तकालयों का मात्रात्मक एवं गुणात्मक सर्वेक्षण तथा (iv) क्षमता निर्माण। इस स्कीम के अंतर्गत, यह मिशन चयनित पुस्तकालयों की बुनियादी अवसंरचना का स्तरोन्नयन करेगा और 35 राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों तथा 35 जिला पुस्तकालयों (जिन्हें राज्य सरकारों द्वारा चिह्नित किया जाना है) तथा संस्कृति मंत्रालय के अधीन 6 पुस्तकालयों में प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन करेगा। अब तक, 11 राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों तथा 11 जिला पुस्तकालयों की पहचान की गई है। संस्कृति मंत्रालय के अधीन छह पुस्तकालय इस प्रकार हैं : (i) दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली (ii) खुदा बख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना, (iii) राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता, (iv) केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय, (v) रामपुर रजा पुस्तकालय, उत्तर प्रदेश, (vi) तंजावुर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल पुस्तकालय, तमिलनाडु। 12 राज्यों के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा 3 राज्यों को धनराशि जारी कर दी गई है। एनएमएलके अंतर्गत अवसंरचना एवं प्रौद्योगिकी के स्तरोन्नयन के लिए अनुमोदित 12 राज्यों के राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों तथा जिला पुस्तकालयों के ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग) : राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन की स्कीम के अंतर्गत किसी नए पुस्तकालय की स्थापना करने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है। उपर्युक्त पुस्तकालयों के स्तरोन्नयन के लिए अनुमोदित परियोजना प्राक्कलन अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ) : जी, नहीं।

(ङ.) : प्रश्न नहीं उठता।

अनुलग्नक

**दिनांक 21.12.2015 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3463 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | पुस्तकालय का नाम | अनुमोदित परियोजना प्राक्कलन (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इलाहाबाद | 206.00 |
| | | राजकीय जिला पुस्तकालय, इटावा | 87.00 |
| 2 | ओडिशा | एचकेएम राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर | 223.00 |
| | | जिला पुस्तकालय, गंजम | 40.36 |
| 3 | गोवा | कृष्णदास शामा राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 223.00 |
| | | डॉ. फ्रांस्सिको लूइस गोम्ज जिला पुस्तकालय | 87.00 |
| 4 | कर्नाटक | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, बेंगलूरू | 223.00 |
| | | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, शिवमोगा | 87.00 |
| 5 | पश्चिम बंगाल | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 222.81 |
| | | उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय, कूचबिहार | 86.98 |
| 6 | तेलंगाना | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अफ़ज़लगंज, हैदराबाद | 112.25 |
| | | जिला पुस्तकालय, महबूबनगर | 52.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | जिला पुस्तकालय, रायगढ़ | 87.00 |
| | | जिला पुस्तकालय, दंतेवाड़ा | 87.00 |
| 8 | त्रिपुरा | बीरचन्द्र राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अगरतला | 223.00 |
| | | उनाकोटी जिला पुस्तकालय, कैलाशहर | 87.00 |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, ईटानगर | 223.00 |
| | | जिला पुस्तकालय, पासीघाट | 87.00 |
| 10 | मिजोरम | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, आइज़ॉल | 100.00 |
| | | जिला पुस्तकालय, कोलासिब | 50.00 |
| 11 | राजस्थान | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, जयपुर | 100.83 |
| 12 | गुजरात | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर | 106.01 |

**संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ पुस्तकालय**

| क्र. सं. | पुस्तकालय का नाम | अनुमोदित परियोजना प्राक्कलन (लाख रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली | 234.38 |
| 2 | खुदा बख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना | 398.78 |
| 3 | तंजावुर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर | 691.22 |
| 4 | राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 426.84 |
| 5 | केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय, दिल्ली | 452.38 |